खण्ड -14 संख्या-7/8/9

# दशम्

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग - 1

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर

वृहस्पतिवार, दिनांक 7 जुलाई, 1994 ई०

शुक्रवार, दिनांक 8 जुलाई, 1994 ई०

सोमवार, दिनांक 11 जुलाई, 1994 ई०

सत्यमेव जयते

# प्रगति सूची में नीचे आने का औचित्य

27. **श्रीमती वीणा शाही:** क्या मंत्री, 20 सूत्री कार्यक्रम विभाग यह बताने की कृपा करेंगें कि:- (1) क्या यह बात सही है कि 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति और उपलब्धि के मामले में बिहार पिछले वर्ष सात सीढ़ी नीचे चला गया ।

(2) क्या यह बात सही है कि पिछले वर्ष बिहार देश में बारहवें स्थान पर था, पर इस वर्ष मार्च 94 में 19 वें स्थान पर पहुंच गया है ।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार बतायेगी कि 20 सूत्री कार्यक्रम की प्रगति में बिहार देश में 19 वां स्थान पर कैसे गया?

**प्रभारी मंत्री:** (1) **उत्तर स्वीकारात्मक** है ।

(2) **उत्तर स्वीकारात्मक** है ।

(3) वर्ष 1993-94 में योजना उद्व्यय 2350 करोड़ रुपये निश्चित हुआ था और विभिन्न सूत्रों के अन्तर्गत लक्ष्य भी इसी के आधार पर निर्धारित किया गया था । परन्तु बाद में राज्य सरकार की वित्तीय संसाधन में कमी होने के कारण योजना उद्व्यवय 700 करोड़ घटाकर दिया गया, जिसके कारण सभी कार्यक्रम प्रभावित हुए और उपलब्धि में भी कमी हुई जिसके कारण बिहार का स्थान 19 वां हो गया ।

# पदाधिकारियों पर कार्रवाई

27(क) श्रीमति ज्योतिः क्या मंत्री, पशुपालन एवं मतस्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेगे कि:-

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्रीय कुक्कुट प्रक्षेत्र, पटना सहित